# निर्माणाधीन सभी ब्रिज का होगा लोड टेस्ट, सिंहस्थ व मास्टर प्लॉन पर चर्चा



- पीएचई अधिकारियों के खिलाफ जांच के निर्देश
- पाइपलाइन कार्य में देरी का मामला
- चौराहों और सड़कों की डिजाइन पर विशेष फोकस

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और उज्जैन मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधोसंरचना, सड़कों, ब्रिज और पाइपलाइन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

सिंहस्थ मेला अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर देरी या तकनीकी समस्या होने पर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि समय पर समाधान हो सके और कार्य तय समय-सीमा में पूरे हों। उन्होंने निर्माण स्थलों पर गुणवत्ता परीक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रखने और सभी कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

**ब्रिज का लोड टेस्ट**-कलेक्टर ने बैठक में निर्माणाधीन सभी ब्रिज पर अनिवार्य रूप से लोड टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए और कहा कि टेस्टिंग रिपोर्ट के बाद ही आगे के कार्य किए जाएं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि चिंतामन गणेश रेलवे स्टेशन का ले-आउट तैयार हो चुका है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पंचक्रोशी मार्ग पर सड़क निर्माण के दौरान आवागमन सुविधा के लिए अंडरपास बनाने के निर्देश भी दिए गए। हरिफाटक से रिंग रोड, मंगलनाथ के समीप ब्रिज निर्माण, तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग, दुर्गादास की छत्री के पास केडी गेट से गोंसा, तथा कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा तक के कार्य प्रगतिरत हैं।

**यह रहे मौजूद**-बैठक में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मास्टर प्लॉन पर चर्चा

उज्जैन में मास्टर प्लान पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मार्गों के निर्माण में इंडियन रोड कांग्रेस के मापदंडों और गाइडलाइन का पालन करते हुए इंटरसेक्शन और क्रॉस-सेक्शन का विकास किया जाए। चौराहों की डिज़ाइन ट्रैफिक मूवमेंट के अनुसार सुव्यवस्थित हो और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

### लापरवाह अफसरों के खिलाफ जांच

देवास रोड से नागझिरी तक सड़क निर्माण के साथ नगर निगम पीएचई की पाइपलाइन डाली जानी थी, बावजूद समय पर पाइपलाइन कार्य नहीं होने से सड़क निर्माण में विलंब हुआ। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए मेला अधिकारी ने नगर निगम पीएचई विभाग के ईई और एई के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए। साथ ही सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

# सिंधी समाज ने पहली बार सामूहिक रूप से मनाया लाल लोई त्यौहार

- सुहाग के लिए दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर, विश्व शांति के लिए की लाल लोई की परिक्रमा



**उज्जैन। राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से सिन्धी समाज ने लाल लोई का त्यौहार उज्जैन में पहली बार सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया।**

उज्जैन अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिव्या बलवानी पार्षद, मुरलीधर कोटवानी, प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, महेश गंगवानी, जवाहर सनमुखानी, दीपक बेलानी आदि ने लाल लोई का पूजन कर अग्नि प्रज्ज्वलित की। इस अवसर पर पंजाबी समाज से ज्ञानी चरण सिंह गिल, जस्सी कौर गिल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत कशिश शितलानी, वीर कुमार मामनानी, प्रिया अनिरुद्ध बियाणी, उषा शेवारामानी ने किया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध भजन सम्राट सुंदर लालवानी एंड म्यूजिकल पार्टी द्वारा लाल लोई के भजनों पर पूरा समाज झूम उठा एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। लाल लोई का पूजन सुनील सीतलानी, जयेश खेमचंदानी, रमेश गजरानी, घनश्याम पेशवानी, नरेश मूलचंदानी, कमल मोटवानी, नीतू बालवानी, भारती खेमचंदानी, निशा राम चंदानी, भारती-सुरेश सनमुखानी द्वारा सुहाग हेतु दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य एवं विश्व शांति हेतु लाल लोई की परिक्रमा की गई। लाल लोई में नारियल, मुरमुरे, ज्वार, तिल्ली, रेवड़ी गजक एवं गुलाब के फूलों को अर्पित किया गया। यह एक सनातनी परंपरा है जिससे प्रत्येक परिवार में सुख शांति और समृद्धि प्राप्त होती हैं। मकर संक्रांति से लाल लोई एवं सूर्य भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मंगल कामनाएं की जाती है, मंगल गीत गाये जाते हैं। नव विवाहित युगल एवं नवजात शिशुओं को मुख्य रूप से लाल लोई की परिक्रमा करवाई जाती है। कार्यक्रम में बेस्ट कपल हेतु लक्ष्मी-भगवान शेवाणी, नेहा-हीरालाल मोटवानी नीलम- श्रीकांत माखीजानी, लता-जगदीश जीवनानी को सम्मानित किया गया। अशोक हरपलानी, झामनदास सहितानी, मुकेश शेवारामानी, विनोद लुल्ला, बिंदिया बालवानी प्रेरणा पमवानी, लता मूलचंदानी, मोना डूसेजा, राजेश नाथानी, किशन लाल पुर्सवानी, भूमि मूलचंदानी, विशेष रूप से उपस्थित थे। सुरेश सनमुखानी एवं किशोर मुलानी, सोनल सोनेजा को विशेष अवसर के कारण सम्मानित किया गया। संचालन एवं आभार समाजसेवी दौलत खेमचंदानी ने किया।



# 151 ब्राह्मणों ने की माता शिप्रा की आराधना

**उज्जैन।** श्री अवंतिका महाकाल युवा तीर्थ पुरोहित समिति रामघाट अध्यक्ष अजय जोशी कुंड वाला गुरु और समस्त सदस्य की ओर से मां शिप्रा जी का दूध अभिषेक कर खिचड़ी और लड्डू का वितरण किया गया। 151 ब्राह्मण द्वारा मां शिप्रा की आराधना की गई।

इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रेमानंद महाराज अर्जी वाले हनुमान, पीठाधीश स्वामी कृष्ण गिरीजी, मंडल महामंत्री आशीष जादौन, युवा नेता मदन यादव, तीर्थ पुरोहित मनीष डब्बावाला, तीर्थ पुरोहित राकेश जोशी कुंड वाला गुरु, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित संजय जोशी कुंड वाला गुरु, राहुल जोशी नाना गुरु, मनीष जोशी, कृष्ण जोशी, उज्जवल जोशी, अशोक श्रीवास्तव, नित्यानंद पंडित, अमृतेश त्रिवेदी, अंकित पोरवाल, सुशील शेट्टी, पुरोहित योगेश हाडा, सोम जोशी, पंडित मुकेश शर्मा मौजूद रहे। सभी ने मां शिप्रा का पूजन अभिषेक कर मकर संक्रांति की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी, सभी के मंगल की कामना की। साथ ही सनातन धर्म की जय हो विश्व का कल्याण हो का उद्घोष किया। शिप्रा माता का सभी नदियों में तिल भर बड़ी होने के कारण विशेष महत्व है और तिल के लड्डू का वितरण कई सालों से वितरण किया जा रहा है। सभी धार्मिक जनता ने प्रसाद का लाभ लिया।

# उज्जैन में स्व. अग्निवेश अग्रवाल की स्मृति में मूक प्राणी सेवा



**उज्जैन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उज्जैन की पवित्र भूमि पर एक भावुक और मानवीय आयोजन ने सभी को करुणा की भावना से जोड़ दिया। वेदांता ग्रुप के स्व. अग्निवेश अग्रवाल की पुण्य आत्मा की शांति, सद्गति एवं मोक्ष की कामना हेतु श्मशान भूमि शोध संस्थान, उज्जैन द्वारा त्रिवेणी नवग्रह शनि मंदिर में विशेष मूक प्राणी सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मूक प्राणियों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया, जो दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित था।

यह आयोजन न केवल शोकाकुल परिवार के लिए संबल का माध्यम बना, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और जीव-दया की भावना को मजबूत करने का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। दोपहर 3 बजे संस्थान के कार्यालय पर स्वर्गीय अग्निवेश अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने गहन शोक संवेदना व्यक्त की। शाम को क्षिप्रा नदी के राम घाट स्थित 68/84 पिशाच मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में आत्मा की शांति हेतु विशेष पूजा-अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें संस्थान के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और स्थानीय निवासी शामिल हुए।

श्मशान भूमि शोध संस्थान के संस्थापक रामनरेश शुक्ला ने इस अवसर पर भावुक होते हुए कहा, इस गहन शोक की घड़ी में हमारी संस्था पूर्ण करुणा, आत्मीयता और संवेदना के साथ परिवार के दुख में सहभागी है। हम वर्षों से मानव सेवा, सामाजिक उत्थान तथा जीवन की अंतिम यात्रा को सम्मान, गरिमा एवं शांति प्रदान करने के पवित्र उद्देश्य से कार्यरत हैं। श्मशान घाटों के निर्माण, विकास एवं संरक्षण जैसे कार्यों में हमारा समर्पण अटूट है। आज का यह कार्यक्रम दिवंगत आत्मा की स्मृति में जीव-कल्याण का एक छोटा सा प्रयास है, जो हमें मानवीय दायित्व की याद दिलाता है।

## एक नजर में

### अभा अखाड़ा परिषद ने की प्रशासन से मांग

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के एक पुजारी प्रतिनिधि द्वारा स्वयं की दुकान महाकाल सेना के नाम से आये दिन प्रेस नोट जारी कर अखाड़ों, साधु सन्तो, महामंडलेश्वर के विरुद्ध अनर्गल बातें कर संतों की मर्यादा के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा है। ऐसे में अखिल भारतीय आखड़ा परिषद ने महाकाल सेना के नाम से 2 दिन पूर्व जारी हुए एक प्रेस नोट जिसमें यह कहा गया कि गर्भ ग्रह में साधु संतों का भी प्रवेश बंद होना चाहिए। ऐसे में अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद प्रशासन से मांग करता है कि महाकाल मंदिर में केवल शासन द्वारा नियुक्त मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के अलावा सभी पुजारी, प्रतिनिधियों का गर्भ में प्रवेश तत्काल बंद किया जाए। क्योंकि बड़ी संख्या में प्रतिनिधि होने से गर्भ गृह की मर्यादा भंग होने के साथ ही अव्यवस्था फैलती है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रशासक से मांग कि है कि सभी पुजारी के जो प्रतिनिधि नियुक्त हैं उनकी संख्या कितनी है। इसकी लिखित जानकारी से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद को अवगत कराएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में केवल मुख्य पुजारी द्वारा ही पूजन आदि किया जाए। पुजारी प्रतिनिधियों का एक्ट में कोई लिखित प्रावधान नहीं है।

### चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में श्रीराम कथा आज से



**घट्टिया।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन शुक्रवार से होगा। चारभुजा ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित कथा में कथा व्यास राष्ट्रीय संत पं. राजेश्वर महाराज बड़नगर वाले 9 दिनों तक कथा का रसपान कराएंगे। गुरुवार को सुबह 11 बजे गजानंद मंदिर से प्रारम्भ होकर कथा स्थल पहुंचेगी।

### खूब उड़ी पतंग, दान पुण्य कर दरिद्रनारायणनों को कराया भोजन



**घट्टिया।** गुरुवार को नगर में मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। अल सुबह से ही आसमान में पतंगे उड़ने लगी। बच्चों व युवाओ ने घरो की छतो पर डीजे लगाकर फिल्मी गानो पर पतंगबाजी का लुफ्त उठाया। वहीं लोगों ने अन्न दान, वस्त्र दान, गौ सेवा आदि कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हरिगीता सदन पर भंडारे का आयोजन कर दरिद्रनारायण को भोजन कराया गया।

### दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेसी 17 जनवरी को बैठेंगे उपवास पर

**उज्जैन।** विगत दिनों इन्दौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों और पानी की गुणवत्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उपवास 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक टॉवर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान पीड़ितों से मिलने इन्दौर पहुचेंगे। इसी विषय को लेकर राहुल गांधी का संबोधन का सीधा प्रसारण भी उपवास स्थल पर होगा। जिलाध्यक्ष महेश परमार ने शहर एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, एन एस यू आई, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी पार्षद गण, सभी प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, सहित समस्त उर्जावान कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# सेवा सप्ताह के साथ मना स्वामी विवेकानंद का जन्मोत्सव



**महिदपुर। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 6 से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रज्ञा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इन गतिविधियों में 6-7 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 8 जनवरी को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता संदेश, 9 जनवरी को स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत एवं नशा मुक्त समाज के उद्देश्य से नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जन जागरूकता रैली निकाल कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा वृद्ध जन के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ. पदम सिंह पटेल का पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। इसके पश्चात आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत युवाओं को स्वदेशी अपनाने के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रन फॉर स्वदेशी का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय स्टॉफ भी शामिल रहा। इस रन का आयोजन महाविद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर यह पूर्ण हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर ने एवं आभार क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुनीत गुप्ता ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों में डॉ. प्रभाकर मिश्र, डॉ. घनश्यामसिंह ठाकर, राम प्रसाद, अनिल पड़ियार, डॉ. शालिनी विजयवर्गीय, डॉ. नैना तिवारी, डॉ. सपना पटेल डॉ. नानूराम मुवेल, राधा वर्मा आदि के साथ ही विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# स्वदेशी के उपयोग के साथ स्वदेशी अपनाने का आव्हान

**उज्जैन।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड महिदपुर जिला उज्जैन के ग्राम चिरमिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नवांकुर संस्था बेलखेड़ा उदय भारती द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था श्री स्वर्णागिरी तीर्थ क्षेत्र समिति एवं सेक्टर क्रमांक एक महिदपुर की प्रस्फुटन समितियां उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक दिलीप सिंह चौहान द्वारा स्वदेशी के उपयोग एवं स्वदेशी अपनाने का आव्हान किया किया। विकासखंड समन्वयक नम्रता तिवारी द्वारा 12 जनवरी विवेकानंद जयंती से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आपने बताया कि उक्त अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। विकासखंड स्तर सेक्टर स्तर एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आने वाले दिनों में किया जाना है।



# हिन्दू सम्मेलन को लेकर निकली कलश यात्रा

**महिदपुर। समीपस्थ ग्राम कड़ाई स्थित प्राचीन श्री चिन्तामण गणेश मंदिर के पावन प्रांगण में श्री राम कथा एवं हिन्दू सम्मेलन के भव्य आयोजन का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ी संख्या में सनातनी महिला-पुरुषों की सहभागिता के साथ निकली इस कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।**

श्री राम कथा का आयोजन पं. श्याम मनावत के सुमधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों के साथ 14 जनवरी से 20 जनवरी तक किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस से ही श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी जा रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कलश यात्रा एवं कथा प्रारंभ की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नारायणा रोड चौराहा से विशेष वाहन व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त ग्राम कड़ाई के प्रवीण उपाध्याय द्वारा भी निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कथा का विश्राम एवं महाप्रसादी मंगलवार, 20 जनवरी को होगी। इसी दिन हिन्दू सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम निर्धारित है।

## एक नजर

### अचिंत सामाजिक संस्था ने एक बार फिर समाजसेवा की मिसाल पेश की

# जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल एवं तिल के लड्डू भेंट किए



**उज्जैन।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर अचिंत सामाजिक संस्था ने एक बार फिर समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए गरीब एवं मध्यम वर्गीय जरूरतमंद परिवारों को गर्म कंबल एवं तिली के लड्डू भेंट किए। संस्था द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले सेवाभावी कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।

इस सेवा कार्य का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष नीलू वर्मा ने किया, जिनका समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना और निरंतर सक्रियता प्रशंसनीय है। उनके कुशल मार्गदर्शन में संस्था की पूरी टीम निस्वार्थ भाव से जनसेवा में लगी रहती है। मकर संक्रांति के अवसर पर अचिंत सामाजिक संस्था की टीम सबसे पहले मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित रेन बसेरा, गाड़ी अड्डा पहुंची। यहां उन लोगों का निवास है जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं है। नगर निगम द्वारा संचालित इस रेन बसेरा में निर्धन एवं निराश्रित व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन, पेयजल, शौचालय, रात्रि विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह रेन बसेरा वास्तव में गरीब और बेसहारा लोगों के लिए एक सशक्त सहारा बनकर कार्य कर रहा है। रेन बसेरा की उत्कृष्ट व्यवस्था का संचालन पंकज सेठिया, संस्था ओम साई विज़न के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। उनके कुशल प्रबंधन में हर वर्ग का जरूरतमंद व्यक्ति यहां आकर सम्मानपूर्वक विश्राम कर सकता है। रेन बसेरा के बारे में जानकारी मिलने पर अचिंत सामाजिक संस्था ने भी निस्वार्थ सेवा में अपनी भूमिका निभाते हुए वहां निवासरत जरूरतमंदों को गर्म सोल भेंट की। इसके पश्चात संस्था द्वारा अगर नाका पेट्रोल पंप के सामने स्थित गरीब झुग्गी बस्ती में भी कंबल एवं तिली के लड्डू वितरित किए गए।

इस अवसर पर रेन बसेरा में एयूएलएम से पंकज सेठिया, संस्था ओम साई विज़न से प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण पटेल एवं उनकी टीम उपस्थित रही। उनके मार्गदर्शन में अचिंत सामाजिक संस्था द्वारा यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अचिंत सामाजिक संस्था एवं अध्यक्ष नीलू वर्मा द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने वाला है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करने वाला है।